समाचारपत्र/पत्रिकाओं को दिये गये विज्ञापनों के लिए स्थान

3295. **श्री मोहम्मद अफज़ल उर्फ मीम अफज़ल:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के अर्थात् 1989-90, 1990-91 और 1991-92 के दौरान विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा विभिन्न समाचारपत्रों/पत्रिकाओं को कितने सेन्टीमीटर के विज्ञापन दिये गये; और

(ख) प्रत्येक भाषा के लिये प्रति वर्ष दिये गये विज्ञापनों का आकार-वार ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास): (क) विगत तीन वर्षों के दौरान विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा विभिन्न समाचारपत्रों/पत्रिकाओं को विज्ञापनों हेतु सेंटीमीटर में दिया गया कुल स्थान इस प्रकार है:—

(कालम सें०मी० में)

वर्ष	स्थान
1989-90	9984532
1990-91	6720783
1991-92	7249141

(ख) विगत तीन वर्षों अर्थात् 1989-90, 1990-91 तथा 1991-92 के दौरान विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा प्रत्येक भाषा में दिए विज्ञापनों का स्थान ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

विगत तीन वर्षों के दौरान भाषावार दिया गया स्थान

(कालम से०मी० में)

क्रम संख्या	भाषा	कुल स्थान		
		1989-90	1990-91	1991-92
1.	अंग्रेजी	2564027	1928720	1779622
2.	हिन्दी	3478340	2281721	2509117
3.	उर्दू	948753	536999	595699
4.	पंजाबी	279025	180834	273915
5.	मराठी	421307	282306	337817
6.	गुजराती	346796	221312	242830
7.	सिंधी	65991	35536	37295
8.	असमिया	112819	69589	77853
9.	बंगला	440519	249815	273872
10.	उड़िया	163122	102847	280538
11.	तमिल	472927	340161	318630
12.	तेलुगु	199842	172083	157274
13.	मलयालम	275798	178442	200819
14.	कन्नड़	158295	110348	130103
15.	संस्कृत	3397	742	2359
16.	नेपाली	31193	17029	15854
17.	मिजो	12621	7638	8389
18.	खासी	3305	1356	3511
19.	कोंकणी	6455	3305	3644